# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–01 सितम्बर 2025 सान्ध्य समाचार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कहा कि आतंकवाद पर दोहरा मापदंड अस्वीकार्य है। चीन के तियानजिन में एससीओ शिखर सम्मेलन में अपने वक्तव्य में उन्होंने यह बात कही। प्रधानमंत्री ने आतंकवाद को मानवता के लिए एक बड़ी चुनौती बताते हुए कहा कि आतंकवाद के सभी रूपों की निंदा की जानी चाहिए।

**भारत पिछले चार दशकों से निर्मम आतंकवाद का दंश झेल रहा है। कितनी ही माताओं ने अपने बच्चे खोए और कितने बच्चे अनाथ हो गए। हाल ही में, हमने पहलगाम में टेरेरिज्म का बहुत ही घिनौना रूप देखा। इस दुरूख की घड़ी में, जो मित्र देश हमारे साथ खड़े रहे, मैं उनका आभार व्यक्त करता हूँ।**

प्रधानमंत्री ने कहा कि एससीओ के लिए भारत का दृष्टिकोण और नीति तीन महत्वपूर्ण स्तंभों – सुरक्षा, संपर्क और अवसर – पर आधारित है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल देर रात प्रदेश की कानून व्यवस्था, आईजीआरएस, सीएम हेल्प लाइन, आगामी त्योहारों की तैयारियों, बीमारियों की रोकथाम और बाढ़ की स्थिति की समीक्षा की। लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास से वीडियो कांफ्रेसिंग में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि जन समस्याओं के समाधान में लापरवाही किसी भी दशा में अक्षम्य होगी। एक रिपोर्ट–

**मुख्यमंत्री ने कहा कि हर पीड़ित की भावना का सम्मान करते हुए पूरी संवेदना के साथ उसकी समस्या, का समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि मिथ्या अथवा भ्रामक रिपोर्ट लगाने वाले अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनिक कार्रवाई अनिवार्य रूप से होगी। आकाशवाणी समाचार कक्ष से रीतेश।**

समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने बेटियों की सुरक्षा को सरकार की प्राथमिकता बताते हुए सभी जिलों में एन्टी रोमियो स्क्वॉड को और सक्रिय करने के निर्देश दिए ।

**********

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि मौजूदा वित्त वर्ष की पहली तिमाही में देश के सकल घरेलू उत्पाद–जीडीपी में सात दशमलव आठ प्रतिशत की शानदार वृद्धि दर्ज की गई है। यह साबित करता है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से बेहतर देश की अर्थव्यवस्था कोई नहीं संभाल सकता।

**********

आज से प्रदेशव्यापी नो हेलमेट नो फ्यूल अभियान की शुरुआत हो गयी। यह अभियान एक माह तक चलेगा। प्रदेश के परिवहन आयुक्त बृजेश नारायण सिंह ने बताया कि परिवहन विभाग ने अभियान के बारे में सभी पेट्रोलियम एजेंसियों को पत्र भेजकर निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि इसका उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में पचास प्रतिशत तक कमी लाना है। हमारे लखनऊ प्रतिनिधि ने बताया कि वहां अभियान के तहत परिवहन, पेट्रोलियम और राजस्व विभाग की संयुक्त टीमें पेट्रोल पंपों पर निगरानी कर रही हैं। प्रदेश के अन्य जिलों में भी हेलमेट के प्रति जनजागरूकता का संदेश देते हुए अभियान चलाया जा रहा है।

**********

व्यावसायिक उपयोग के लिए एलपीजी सिलेंडर की कीमत आज से इक्यावन रुपये पचास पैसे कम हो गई है। वहीं, चौदह दशमलव दो किलोग्राम के घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

**********

उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम ने शाहजहांपुर से वाराणसी के लिए सीधी बस सेवा शुरू की है। साथ ही जिले के खुदागंज से लखनऊ के लिए भी सीधी बस सेवा की शुरुआत की गयी है। यह जानकारी निगम के शाहजहांपुर डिपो प्रभारी विनोद मिश्रा ने दी।

**********

देश भर में आज से राष्ट्रीय पोषण सप्ताह मनाया जा रहा है। यह सप्ताह प्रतिवर्ष एक से सात सितम्बर तक मनाया जाता है। इस बार राष्ट्रीय पोषण सप्ताह की थीम है– "बेहतर जीवन के लिए सही भोजन करें।"

**********

आकाशवाणी का एफएम गोल्ड आज अपनी चौबीसवीं वर्षगांठ मना रहा है। आज ही के दिन वर्ष दो हजार एक में इसकी शुरुआत हुई थी। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने चौबीसों घंटे और सातों दिन समाचार तथा मनोरंजन चैनल के रूप में इसे शुरू किया था। प्रसार भारती के अन्तर्गत आकाशवाणी द्वारा संचालित एफएम गोल्ड चैनल समाचार, समसामयिक विषयों और मनोरंजन से भरपूर कार्यक्रम प्रसारित करता है।

**********

प्रदेश के कई जिलों में बीती रात से ही मूसलाधार बारिश का क्रम जारी है। लखनऊ, शाहजहांपुर, पीलीभीत, बदायूं, अमरोहा, मैनपुरी, शामली, मुजफ्फरनगर, संभल और श्रावस्ती में बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ है। पूर्वी उत्तर प्रदेश के संतकबीरनगर जिले में भी आज सुबह बारिश हुई, हालांकि गोरखपुर और आसपास के कुछ अन्य जिलों में आज पूरे दिन लोगों को उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ा।

**********